तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 ताली व थाली के साथ संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने ...



13 किरन्दुल में कांग्रेस ने किया बिजली विभाग का घेराव



B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# शहर का होगा तेजी से विकास, सीएम व डिप्टी सीएम ने दी करोड़ों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

अब शहर का होगा तेजी से विकास, विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के प्रयास से सीएम विष्णुदेव साय व डिप्टी सीएम व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने करोड़ों की सौगात दी। शहर विकास के लिए 50 करोड़ की स्वीकृति दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने सीएम एवं डिप्टी सीएम का आभार माना। श्री देव ने कहा, मुख्यमंत्री के सुशासन में बस्तर का विकास सदैव प्राथमिकता में रहा है।

यही कारण है कि जगदलपुरवासियों की मांग के अनुरूप शहर का विकास कार्य होगा। शहर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों को करने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर राशि की मांग की। अपने पत्र में देव ने बोधघाट थाना से कमिश्नर ऑफिस तक बीटी सड़क चौड़ीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 35 के अंतर्गत एमपीएम हॉस्पिटल से एलआईसी रोड बीटी सड़क चौड़ीकरण कार्य,नगरोत्थान योजना से दलपत सागर विकास कार्य एवं सौंदर्यीकरण,मुक्तिधाम से समुंद चौक से पावर हाउस चौक से पंचपथ चौक से लालबाग आमागुड़ा चौक तक चौड़ीकरण कार्य, नालंदा परिसर निर्माण कार्य के लिए संबंधित पत्र प्रेषित कर राशि की मांग की थी,जिस पर उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री साव का जगदलपुर के चौमुखी विकास के लिए 50 करोड़ रूपए राशि की स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ। शहर के चौमुखी विकास कार्य के राशि स्वीकृत होने पर किरण देव ने ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक दलपत सागर के सौंदर्यीकरण के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। मुक्तिधाम से समुंद चौक से पवार हाऊस चौक से पंचपथ चौक से लालबाग आमागुड़ा चौक तक सड़क निर्माण कार्य के लिए 10 करोड़ रुपए,अन्य अतिरिक्त निमार्ण कार्य के लिए 14 करोड़ रुपए,बोधघाट थाना से कमिश्नर ऑफिस तक बीटी सड़क निर्माण कार्य के लिए राशि ▸▸ शेष पेज 12 पर

## संवर रहा जगदलपुर, 50 करोड़ रुपये की मिली स्वीकृति : देव

### नालंदा परिसर की सौगात

साथ ही शहर में हमारे बस्तर के छात्रों के लिए बहुप्रतीक्षित मांग नालंदा परिसर सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन 500 सीटर सर्वसुविधा युक्त सेंट्रल लाइब्रेरी का निर्माण कार्य किया जाएगा। शहर के विकास के लिए अन्य निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई है। मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री महती प्रयास से दलपत सागर के योजनाबद्ध सौंदर्यीकरण कार्य , सड़क निर्माण कार्य, नालंदा परिसर निर्माण को साकार रूप देने की सार्थकता यथाशीघ्र सिद्ध होगी।



### सभी कार्य जल्द शुरू होंगे

श्री देव ने कहा कि बस्तरवासियों के मांग के अनुरूप विकास कार्य किया जायेगा। सभी कार्य को जल्द शुरू किया जाएगा। क्षेत्र की जनता को सौगात दी जाएगी। आने वाले अनेक वर्षों तक दलपत सागर सुरक्षित व प्राकृतिक सुंदरता का प्रतिरूप बना रहे। इस उद्देश्य के साथ दलपत सागर को संवारने योजनाबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण होंगे।

## खबर संक्षेप

### जल संसाधन विभाग के लिए उपअभियंता भर्ती परीक्षा 20 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत उप अभियंता सिविल एवं उप अभियंता भर्ती परीक्षा 20 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 . 15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं। शासकीय काकतीय पी.जी. कालेज, शासकीय दन्तेश्वरी पी.जी. महाविद्यालय एवं शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में परीक्षा आयोजित की जाएगी। समस्त परीक्षार्थी को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा, प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव और सहायक समन्वयक डॉ. अजय सिह ठाकुर को बनाया गया है।

### भगत सिंह स्कूल में राखी निर्माण को लेकर कार्यशाला



**जगदलपुर।** हायर सेकेण्ड्री भगतसिंग स्कूल में बुधवार को हस्त निर्मित राखियों का निर्माण प्रचार्य विनीता बेंजामीन के कुशल निर्देशन मे कराया गया। सर्व परथम जय जनतंत्र, जय लोक तंत्र, जय गणतंत्र, जय सैनिक के नारे लगा सदैव सैनिक गण की रक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। व्याख्याता अनिल शुक्ला एवं नीतू शर्मा द्वारा ने भी राखी निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान 21 राखी सैनिको के नाम हायर सेकेण्डरी भगत सिंह के बहनों का पैगाम कह कर भेजा गया। इस दौरान व्यख्याता चंद्रप्रकाश देवांगन, व्याख्याता, किरण चौहान, आशा रानी पटनायक, किरण महापात्र, भारती नामदेव एवं योजना देवांगन उपस्थित थे।

### टीचर्स एसोसिएशन मिला नवपदस्थ संयुक्त संचालक से



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने नवपदस्थ संयुक्त संचालक राकेश पांडेय से सौजन्य भेंट की। इस दौरान शिक्षा विभाग से सम्बंधित कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर प्रवीण श्रीवास्तव, शिव सिंह चन्देल, राजेश गुप्ता ,डॉ लुदरसन कश्यप, ताहिर शेख, अमित पॉल, नीलमणी साहू, डॉ तुला दास मानिकपुरी, शरद श्रीवास्तव, गजराज सिंह, ओमप्रकाश पटेल, रामप्रसाद ठाकुर, पंकज जोशी सहित सीजीटीए के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### जंगबाज व यंगस्टार के बीच ड्रा रहा मुकाबला



**जगदलपुर।** जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में आयोजित स्व सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफए ट्राफी कम नॉक ऑउट फुटबाल स्पर्धा में बुधवार को जंगबाज फुटबाल क्लब विरूध यंगस्टार फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मुकाबला 2-2 गोल से बराबरी पर ▸▸ शेष पेज 12 पर

## कर्मचारियों ने सरकार से पूछा- कब पूरी होगी

# मोदी की गारंटी लागू करवाने के लिए फेडरेशन के आंदोलन का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी की घोषणा हुई थी। सरकार बनने पर प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान डीए डीआर दिए जाने का वादा किया गया था। लंबित डीए एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जीपीएफ में समायोजित किया जायेगा।

- जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय में रैली कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

अनियमित-संविदा-दैनिक वेतनभोगी-अतिथि शिक्षक इत्यादि संवर्ग का नियमितीकरण किया जायेगा। प्रदेश के सहायक शिक्षकों का वेतन विसंगति दूर किया जायेगा। प्रदेश के लिपिकों,सहायक शिक्षकों एवं अन्य संवर्ग के लिए वेतन विसंगति दूर करने के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने का वादा किया गया था। साथ ही पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जायेगा। मितानिनों, रसोईया एवं सफाई कर्मचारियों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि किया जायेगा,सहित अन्य मुद्दों का वादा किया। लेकिन सरकार बनने के बाद क्रियान्वयन पर मौन धारण करना कर्मचारियों में आक्रोश का कारण बना हुआ है। सरकार की वादा खिलाफी से आक्रोशित कर्मचारी, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर बुधवार को अपरान्ह 4.30 बजे पानी टंकी सिटी ग्राउंड के पास में एकत्रित होकर रैली निकालते हुए मोदी की गारंटी पूरा करने का नारा लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां कर्मचारियों की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने मेन गेट के अंदर प्रवेश करने नहीं दिया। मेन गेट पर ही कलेक्टर के प्रतिनिधि के तौर पर डिप्टी कलेक्टर चन्द्रा उपस्थित हुए। जिन्हें मुख्यमंत्री के नाम का 11 सूत्रीय मांगों का मांगपत्र सौंपा गया। पत्र में उल्लेख किया गया है कि यदि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने में रुचि नहीं दिखाई तो 22 अगस्त 2025 को पूरे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ बस्तर के भी सभी कर्मचारी अधिकारी सामूहिक अवकाश में रहकर राज्य व्यापी कलम बंद कम बंद हड़ताल करेंगे । उन्होंने बताया ▸▸ शेष पेज 12 पर




### सरकार नजरअंदाज कर रही

फेडरेशन ने प्रदेश में चार स्तरीय समयमान वेतनमान,प्रदेश के सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान,अर्जित अवकाश 240 दिन के स्थान पर 300 दिन करने,प्रदेश में कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों सहित शासकीय सेवक कल्याण के अनेकों मुद्दों का ज्ञापन राज्य सरकार को समय-समय पर दिया है। लेकिन सरकार कर्मचारियों के मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है। फेडरेशन ने कर्मचारी हित में पुनः 11 सूत्रीय ज्ञापन आज मुख्यमंत्री के नाम दिया है।

# सांसद ने 68 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप ने आज नानगुर मण्डल अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में 68.32 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर विकास यात्रा को नई दिशा प्रदान की।

- नानगुर मण्डल अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में होंगे काम

इस अवसर पर सांसद कश्यप ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विकास ही हमारा संकल्प है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाना ही हमारी प्राथमिकता है1 हमारी डबल इंजन सरकार केवल घोषणाओं में नहीं, धरातल पर दिखने वाले कार्यों में विश्वास रखती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर हम बस्तर के हर कोने तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शी और जनहितैषी शासन व्यवस्था स्थापित हुई है। सरकार की प्राथमिकता गांव,गरीब और आदिवासी हैं और उसी दिशा में ये विकास कार्य मील का पत्थर साबित होंगे। बस्तर विकास प्राधिकरण, डीएमएफटी. योजना, तथा राज्य ग्रामीण विकास प्राधिकरण के अंतर्गत ग्राम पंचायत कवालीकला में भण्डारिन माता गुड़ी जीर्णोद्धार,ग्राम पंचायत छोटेकवाली में माता मंदिर बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य,ग्राम पंचायत मांझीगुड़ा में स्कूलपारा में राशि 400 मी. सीसी नाली निर्माण,ग्राम पंचायत सिडमुड में माता सुंदर दाई गुड़ी व खासपारा में गणेश मंडली कक्ष निर्माण,ग्राम पंचायत ▸▸ शेष पेज 12 पर

# फ्लिपकार्ट कंपनी अदा करेगी 165 रुपए और भरेगी 10 हजार की क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर




जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में आवेदक अधिवक्ता डी. सूर्य प्रकाश राव को फ्लिपकार्ट इंटरनेट कंपनी बेंगलुरु द्वारा आर्डर किए गए उत्पाद की राशि 165 रुपए वापस एवं 10 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति देने कहा है। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और सदस्य सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया।

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी अधिवक्ता डी. सूर्यप्रकाश राव द्वारा ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट के माध्यम से सिंक क्लीनर उत्पाद कैश ऑन डिलीवरी के माध्यम से क्रय किया गया था। आवेदक द्वारा उत्पाद प्राप्त होने के पश्चात यह पाया गया कि उक्त उत्पाद आवेदक द्वारा प्रेषित ऑर्डर से भिन्न था। जिसकी सूचना ऑनलाइन फ्लिपकार्ट कंपनी से की गई थी, जिस पर फ्लिपकार्ट कंपनी के माध्यम से एक कर्मचारी भेजा गया था, पर कर्मचारी द्वारा उत्पाद को वापस लेने से मना कर दिया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि ई-कॉमर्स ▸▸ शेष पेज 12 पर

# किराए जमा नहीं करने पर चार दुकान को किया सील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

नगर निगम के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वालंबन योजनांतर्गत आवंटित दुकानों का पिछले कुछ माह से किराए जमा नहीं करने पर राजस्व शाखा इन लापरवाह दुकानदारों को नोटिस पर नोटिस देकर दुकान भाड़ा जमा करने का लगातार समझाइश दी गई। बावजूद भाड़ा जमा नही करने से निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा के कड़े रुख पर बुधवार को गीदम रोड एवं मंडी रोड पर स्थित 4 दुकानें सील कर दी गई। आयुक्त के निर्देश पर ऐसे 16 दुकानदारों को किराए जमा करने नोटिस थमाई गई है। समय पर इन दुकानदारों ने भाड़ा जमा नहीं किया तो इनकी दुकानें भी सील की जाएगी। निगम के राजस्व निरीक्षक राकेश यादव के अगुवाई में आज यह बड़ी कार्रवाई की गई। यादव के अनुसार आयुक्त के निर्देश अनुसार दुकान सीलबंद की कार्रवाई ▸▸ शेष पेज 12 पर



# आवारा मवेशियों को पकड़ कर भेजा जाएगा कांजी हॉउस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



सड़कों पर भूख प्यास से तड़पती, वाहनों की ठोकर से मरती और अपाहिज होती गौमाता को देख जगदलपुर के सनातनी महापौर संजय पाण्डेय द्रवित हो उठे हैं। उन्होंने गौमाता की सेवा और सुरक्षा के लिए कदम बढ़ाया है। गौवंश को सुरक्षित रखने के लिए शहर में कांजी हाऊस का संचालन जल्द शुरु कराने महापौर संजय पाण्डेय ने अब कमर कस ली है।

- गौमाता को सुरक्षित ठिकाने में रखने पहल : महापौर

बेसहारा घूमते पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाना है। सड़क पर मवेशियों की वजह से दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। ऐसे आवारा पशुओं की देखरेख अब कांजी हाऊस करेगा। महापौर संजय पाण्डे आज सुबह कांजी हाऊस पहुंचे। उन्होंने एमआईसी सदस्य व पार्षदों के साथ कांजी हाउस का निरीक्षण किया। यहां पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए कहा। संजय पाण्डे ने बताया मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित तरीके से कांजी हाउस में रखा जाएगा। शीघ्र ही यह व्यवस्था शहर में लागू की जाएगी। इसके लिए महापौर ने बुधवार को कांजी हाऊस का विजिट किया। उन्होंने देखा कि यहां पेयजल व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में है। मवेशियों के लिए भूसे की व्यवस्था भी है। उन्होंने कहा पशुओं को पकड़ने के लिए फिर से अभियान चलाया जाएगा। कांजी हाऊस का मुख्य उद्देश्य पशु और मानव दानों की सुरक्षा है। बेसहारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर रखना है जिससे वे सड़कों पर घुमकर दुर्घटनाग्रस्त न हों और दूसरों के लिए हादसे ▸▸ शेष पेज 12 पर

## भाजपा के नेता, मंत्रियों ने बेटी के बुलंद हौसले का गला घोंटा : कोमल

# भाजपा सरकार बेटियों को सुरक्षा व न्याय दिलाने में नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिला महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद के नेतृत्व व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य की उपस्थिति में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा ओडिशा के बालासोर में फकीर मोहन कॉलेज में बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ हुए यौन उत्पीड़न से मामले में सहायक प्रोफेसर शिक्षा विभाग प्रमुख व कॉलेज प्रशासन पर कार्रवाई न होने को लेकर परेशान छात्रा द्वारा आत्मदाह करने से हुई मौत को लेकर आज केंद्र की भाजपा सरकार व ओडिशा के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। लता निषाद ने कहा, प्रधानमंत्री देश की बेटियों को सुरक्षा और न्याय देने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो चुके हैं। एक शिक्षक द्वारा यौन उत्पीड़न किए जाने के मामले में न्याय न मिलने पर आत्मदाह करने वाली छात्रा ने तीन दिन तक जिंदगी और मौत से लड़ने के बाद भुवनेश्वर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानमें सोमवार रात दम तोड़ दिया। वह बालासोर के फकीर मोहन महाविद्यालय की एकीकृत बीएड पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष व एबीवीपी की छात्रा थी। आरोपी शिक्षक के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से आहत छात्रा ने शनिवार को यह कदम उठाया और वह 95 प्रतिशत तक झुलस गई थी। न्याय की मांग कर रही दुखी छात्रा की मौत की बेहद निंदनीय है जिसकी जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ ओडिशा ▸▸ शेष पेज 12 पर

- आरोपी को मिले फांसी की सजा : सुशील



### बेटी की किसी ने भी नहीं सुनी गुहार, अंततः मौत को लगाया गले

कोमल सेना ने कहा मणिपुर हो या ओडिशा देश की बेटियां आज कही भी सुरक्षित नहीं हैं इस मामले में कोई कार्रवाई न होने पर छात्रा परेशान थी। जिसके बाद उसने यह कदम उठाया, देश की बेटी की किसी ने भी नहीं सुनी गुहार,भाजपा के नेता,मंत्रियों ने बेटी के बुलंद हौसले का गला घोटा है। केंद्र की मोदी सरकार बेटियों को सुरक्षा देने में नाकाम रही है।

### आरोपी को फांसी की सजा मिले

सुशील मौर्य ने कहा कि यदि एक भी व्यक्ति ने जिम्मेदारी ली होती और व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप किया होता तो शायद लड़की की जान बचाई जा सकती थी। परंतु इस निरंकुश सरकार और उनके प्रशासन ने उनकी एक न सुनी क्या यही है, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा यह संस्थागत विश्वासघात से कम नहीं है। क्योंकि यह आत्महत्या नहीं,भाजपा के ट्रिपल इंजन सरकार के नेतृत्व वाली व्यवस्था में हुई हत्या का सार्थक प्रमाण है, हमारी मांग है आरोपी को फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

# हिंसा का रास्ता पीड़ा और विनाश लेकर आया अब वक्त सही फैसला लेने का : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



नक्सलियों के केन्द्रीय कमेटी की ओर से जारी प्रेस नोट में वर्ष भर में 357 नक्सली मारे जाने तथा दण्डकारण्य इलाके में 281 नक्सली के मारे जाने के कबूलनामे के बाद बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बयान जारी किया है। आईजी ने नक्सलियों से अपील करते हुए कहा कि हिंसा का रास्ता अब तक सिर्फ पीड़ा और विनाश लेकर आया है और अब वक्त आ गया है कि माओवादी कैडर सही फैसला लेते हुए अपने परिवारों से फिर जुड़ें और शांति के साथ जीवन बिताएं और देश व प्रदेश के विकास में भागीदार बनें। आईजी ने कहा कि प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) ने यह स्वीकार किया है कि बीते एक वर्ष में देशभर में सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुठभेड़ों में उनके 357 साथी मारे ▸▸ शेष पेज 12 पर

### फोर्स पूरी प्रतिबद्धता और संकल्प के साथ कर रही काम

आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में तैनात पुलिस और सुरक्षा बल वामपंथी उग्रवादियों की क्रूर और अमानवीय गतिविधियों को समाप्त करने तथा दीर्घकालिक शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों और स्थानीय समुदायों के बढ़ते सहयोग ने माओवादियों को उनके सबसे कमजोर चरण में पहुंचा दिया है। वरिष्ठ नेतृत्व और सक्रिय कैडर की क्षति ने उनके संगठनात्मक ढांचे को गंभीर रूप से कमजोर बना दिया है। हमारी सुरक्षा बलों की प्रतिबद्धता अडिग है। यह केवल एक सुरक्षा अभियान नहीं बल्कि शांति बहाली, विकास सुनिश्चित करने और आदिवासी समुदायों को माओवादी हिंसा और शोषण से बचाने का संकल्प है।

## खबर संक्षेप

### नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि के लिए सौंपा ज्ञापन

नारायणपुर। जिला अस्पताल के डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायणपुर एवं जिला प्रबन्धक को एक ज्ञापन सौंपकर पिछले 6 माह से लंबित नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि नारायणपुर जिला वामपंथी उग्रवाद श्रेणी में आता है, जहाँ सीमित संसाधनों और सुरक्षा चुनौतियों के बीच स्वास्थ्य सेवाएं देना अत्यंत कठिन कार्य है। इसके बावजूद, जिले के समस्त स्वास्थ्यकर्मी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निरंतर कार्यरत हैं और स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार उपलब्धियाँ प्राप्त कर रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि लंबे समय से प्रोत्साहन राशि ना मिलने के कारण कर्मियों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने से मांग की कि इस विषय में शीघ्र कार्रवाई करते हुए लंबित राशि का भुगतान कराया जाए, जिससे स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बना रहे और वे भविष्य में भी सेवा भाव से कार्य करते रहें। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी कर्मचारी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे।

### मंगलवार से केशकाल में भी शुरू होगा कलेक्टर जनदर्शन

कोण्डागांव। साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के केशकाल एवं बड़ेराजपुर विकासखण्ड के आम नागरिकों को अपनी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचने में होने वाली परेशानी को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा केशकाल में जनदर्शन के आवेदन लेने की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। केशकाल एवं बड़ेराजपुर विकासखण्ड के आम नागरिकों की सुविधा के लिए जनपद पंचायत केशकाल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नेतृत्व में आगामी मंगलवार से कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

### स्कूल परिसर में पौधारोपण

कोंडागांव। ग्राम पंचायत मयूर डोंगर के सरपंच जय लाल नेताम ने आज हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर पहुंचकर एक पेड़ मां के नाम पर लगाया। इस मौके पर सभी स्कूल स्टाफ व छात्र छात्रएं मौजूद रहे। सरपंच जय लाल नेताम ने इस अवसर पर कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है, सभी को इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है।

# कोण्डागांव की बेटी रंजीता ने ताईवान में अंतर्राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

## एशियन कैडेट चौंपियनशिप 2025 में 52 किलोग्राम भार वर्ग में विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शहर की बालिका रंजीता कोरेटी ने अंतर्राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर जिले, राज्य और देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने ताइवान में आयोजित एशियन कैडेट चौंपियनशिप 2025 में 52 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

रंजीता छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के अंतर्गत संचालित बालगृह बालिका कोण्डागांव की निवासी हैं। जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग और संस्था के सतत प्रयासों से रंजीता को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त किया गया। खेल के प्रति विशेष रुचि और प्रतिभा को देखते हुए रंजीता को आईटीबीपी के सहयोग से जूडो प्रशिक्षण दिलवाया गया। उनकी खेल यात्र वर्ष 2021 में चंडीगढ़ में हुए ओपन नेशनल जूडो टूर्नामेंट से शुरू हुई। जनवरी 2023 में रंजीता का चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भोपाल में हुआ, जहां वे शिक्षा के साथ–साथ जूडो का नियमित प्रशिक्षण ले रही हैं।

### राष्ट्रीय स्तर पर चमकाया नाम

रंजीता ने राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते 2021 ओपन नेशनल जूडो, चंडीगढ़ शानदार प्रदर्शन। 2022 ओपन नेशनल जूडो, भोपाल ब्रॉन्ज मेडल। 2024 खेलो इंडिया नेशनल, केरल सिल्वर मेडल 52 किग्रा। 2024 खेलो इंडिया रीजनल, नासिक गोल्ड मेडल। 2024 त्रिसूर, केरल गोल्ड मेडल। 2024 पुणे, महाराष्ट्र ओपन नेशनल में गोल्ड 52 किग्रा। 2025 खेलो इंडिया यूथ गेम्स, पटना गोल्ड मेडल हासिल किया।






### अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी झंडे गाड़े

रंजीता ने अप्रैल 2025 में जार्जिया में आयोजित कैडेट यूरोपियन कप में 5वां स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात ताशकंद उजबेकिस्तान में एशियन कैडेट चौंपियनशिप 2025 में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 12 से 15 जुलाई 2025 के बीच ताइपे, ताइवान में आयोजित एशियन कैडेट चौंपियनशिप में रंजीता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया।

## आंदोलन: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने वादाखिलाफी का लगाया आरोप

# ताली व थाली के साथ संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने मांगों को लेकर किया जिला मुख्यालय में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

नियमितीकरण ,जॉब सुरक्षा, ग्रेड पे ,अनुकंपा नियुक्ति ,मेडिकल बीमा ,27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं की मांग कर रहे छत्तीसगढ़ प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत 16 हज़ार कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन आज सातवें दिन भी भी जारी रहा ।

- कोरोना योद्धाओं का सरकार कर रही अपमान, भूल गई वादे

विरोध प्रदर्शन की इस कड़ी में आज सभी 33 जिला मुख्यालय में ताली और थाली रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम अपनी 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला कलेक्टर को कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए सौंपा। और कहा है कि, यदि उनकी मांगे जल्द ही नहीं पूरी की जाती हैं तो प्रदेश में एनएचएम के 16 हज़ार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी किसी बड़े अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने को विवश हो सकते हैं। जिस कारण प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था में जो असुविधा होगी उसके लिए शासन -प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा । जिला नारायणपुर जिला अध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने बताया कि जिले में 245 के करीब एन एच एम कर्मचारी कार्यरत हैं। यह कर्मचारी पिछले 20 वर्षों से अपनी सेवा शर्तों में सुधार,नियमितीकरण, अपनी नौकरी की सुरक्षा, समान काम समान वेतन, जैसी चाह लिए लगातार पिछली कई सरकारों के कार्यकाल में धरना-प्रदर्शन, आंदोलन, अनुनय निवेदन ज्ञापन देते रहे हैं। सरकार के कार्यकाल में भी मोदी की गारंटी के नाम से हमारी समस्याओं के समाधान का वादा किया गया है परंतु आज पर्यंत इस संबंध में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने लगभग 100 से अधिक बार ज्ञापन मंत्रियों, विधायकों, सांसदों को दिया है इसके अलावा कई उच्च अधिकारियों से भी भेंट की गई है , परंतु परिणाम शून्य ही रहा जिसके कारण 10 जुलाई से लेकर 17 जुलाई तक या प्रदर्शन चरणबद्ध रूप से जारी है ।

कर्मचारियों ने बताया कि, वह ताली और थाली करने पर आज इसलिए मजबूर हैं क्योंकि कोरोना महामारी में प्रधानमंत्री ने हमें कोरोना वॉरियर का दर्जा देकर पूरे देशभर से हमारे लिए ताली और थाली बजवाई थी परंतु आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी हम कोरोना योद्धा जिनके लिए देशभर में तालियां थाली बजी। 20 वर्षों से पीड़ित हैं जिसके कारण आज लाचार होकर अपने लिए ताली और थाली बजाने पर विवश हो चुके हैं।



### क्रमबद्ध किया जा रहा आंदोलन

आंदोलन की कड़ी में 10 तारीख को सभी विधायकों को ज्ञापन सौपा गया ,11 तारीख को भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया 12 से 15 तक काली पट्टी लगाकर कार्य किया गया एवं 16 जुलाई को जिला स्तरीय पर एक दिवसीय धरना रैली की गई। 17 जुलाई को पूरे प्रदेश के यह कर्मचारी रायपुर में राजधानी धरना स्थल पर एकत्रित होकर विधानसभा घेराव के लिए निकलेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप देवांगन , छुन्नु बेलसरिया , प्रवीण राजपूत, राजीव बघेल, गणपन कोरेशा, कैलाश कर, छत्रपाल साहू, जयदीप देवांगन, महेश्वरी साहू, भावना साहू,जिला संघ के समस्त कोर सदस्य सहित सभी एनएचएम कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# हाईवे में बस ने बाइक को मारी टक्कर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कुदालगांव हाईवे के करीब बुधवार शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक जगदलपुर से प्रतिदिन की तरह काम समाप्त कर अपने गांव वापस लौट रहा था। तभी रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार महेन्द्रा बस के चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाईक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक नेशनल हाईवे 30 में रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार यात्री बस ने एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में जहां युवक की मौके पर ही मौत हो गई वही घटना को अंजाम देने के बाद बस का चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही यातायात व कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक महेन्द्रा ट्रेव्हल्स की बस क्रमांक सीजी 04 एमजेड 3690 का चालक काफी तेज रफ्तार से बस चलाते हुए जगदलपुर से कुदालगांव की ओर आ रहे ग्राम सितलावण्ड निवासी थलेश ठाकुर 25 वर्ष की बाईक क्रमांक सीजी 17 केजी 7294 को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में थलेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ बढ़ता देख बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही ट्रेफिक व कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद मौके पर वाहनों की कतार लग गई। जिसके बाद पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में लेकर दुर्घटनाग्रस्त बाईक व बस को किनारे कर यातायात बहाल किया।

### दो दिन पूर्व सड़क हादसे में बस चालक व परिचालक की हुई थी मौत

*गौरतलब है कि दो दिन पूर्व इसी हाईवे में तेज रफ्तार बस खड़ी ट्रक को टक्कर मार दी थी। जिसमें बस के चालक व महिला परिचालक की मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद दिन पहले ही शासन प्रशासन ने ली थी बैठक लेकर हादसों में कमी लाने बस चालकों की बैठक ली थी। इस बैठक में बस्तर पुलिस के साथ ही प्रशासन ने यात्री बस चालको से चर्चा कर दिशा निर्देश दिया था। लेकिन कुछ ही घटें में एक और बस हादसा हुआ जिसमें बेकसूर बाइक चालक को अपनी जान देनी पड़ गई। बहरहाल घटना के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।*

# दुष्कर्म और हत्या के प्रयास मामले में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

पुरानी रंजिश को लेकर चचेरी बहन से दुष्कर्म करने और चाची की हत्या के प्रयास में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने 15 जुलाई को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज सुबह 7.30 बजे के लगभग अपनी मां बहन के साथ काम कर रही थी। तभी उसके चाचा चिंताराम एवं उसके चचेरे भाई आये और झगड़ा करने लगे। मेरा बाल पकड़ कर मुकेश के घर के अंदर ले गए। मुकेश के द्वारा बलात्कार किया गया एवं सुरेश मेरा गर्दन पकड़कर रखा था। लोकेश मुझे मारने के लिए टंगिया लेके आया। मुझे मेरी मां बचाने आ रही थी तो उसके मुकेश कुल्हाड़ी और फावड़ा से मारने के लिए दौड़ाया। फावड़ा से मेरी मां के सिर में मार दिया जिससे खून बहने लगा और बेहोश हो गई। उसके वह वहां से भाग गई और थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी। जिस पर महिला पुलिस अधिकारी द्वारा अपराध कमांक 13/2025 धारा 137(2), 87, 70(1), 115(2), 351(3), 109(1), 3(5) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारीयों को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में थाना धनोरा स्टाफ की विशेष टीम गठित कर घटना स्थल ग्राम चनियांगाव खोहड़ापारा रवाना हुये। आरोपीगणों को पकड़ा गया मुख्य आरोपी मुकेश दुग्गा उर्फ नाग से पुछताछ किया गया। साथ ही सहयोगी आरोपियों से भी पुछताछ में उस घटना को कबूलना स्वीकार किया गया। घटना स्वीकारने से मुकेश दुग्गा का गवाहों के समक्ष मेमोरण्डम कथन तैयार किया गया। घटना में प्रयुक्त औजार फावड़ा को गवाहों के समक्षा आरोपी के निशांदेही पर जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसमें से मुकेश दुग्गा पिता चिंताराम दुग्गा निवासी खोहड़ापारा चनियागांव थाना धनोरा जिला कोण्डागांव, सुरेश दुग्गा पिता चिंताराम दुग्गा निवासी खोहड़ापारा चनियागांव थाना धनोरा जिला कोण्डागांव, चिंताराम दुग्गा उर्फ नाग पिता स्व० भिंगुराम दुग्गा निवासी खोहड़ापारा चनियागांव थाना धनोरा जिला कोण्डागांव को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी नाबालिग होने से निरूद्ध पत्र भरा गया। मामले में पीड़िता की माता का गंभीर चोट आने से ईलाज के लिए धनोरा व कोण्डागांव से रिफर करने पर रायपुर में इलाज चल रहा है।

- पुरानी रंजिश के चलते चाची की हत्या का प्रयास



### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी धनोरा निरीक्षक सुशील पटेल, सउनि किशोर कुमार प्रजापति, प्र०आर० 237 सुखनंदन पिस्दा, प्र०आर० 225 नेमसिंह मरकाम, आर. 797 नेहरू सोम, 374 महाराम चिरेन्द्र, 578 शैलेश ठाकुर, आर. 754 हृदय बघेल, आर. 772 संतोष एक्का, आर. 825 मानकू नेताम, म०प्र०आर० 73 सुखबती सलाम, 112 महेश्वरी शांडिल्य, म०आर० 324 सुमित्रा नाग का सराहनीय योगदान रहा।

# साप्ताहिक हरवेल बाजार में खुड़खुड़िया खेलते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

चौकी वांसकोट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हेब्रेल के साप्ताहिक बाजार में जुआ खेलते हुए दो आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी ओडिशा राज्य के निवासी हैं। मौके से पुलिस ने नकद 5450 रुपये, जुए की पर्चियां, प्लास्टिक गोटियां, बांस की टोकरी आदि सामग्री जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक वायएस अजय कुमार के निर्देश पर असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण नेताम के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि खजुरडुड़िया बाजार में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी नरेश साहू के नेतृत्व में टीम ने दबिश दी और मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने भगवान उर्फ भगवान मरकाम पिता राजमन मरकाम, उम्र 39 वर्ष, जाति गोंड निवासी सरईगुड़ा थाना कुंदई जिला नवपंरगुरी ओडिशा, सायसन गौंड पिता हिलालाल गौंड उम्र 55 वर्ष, जाति गोंड निवासी हिर्री नवापारा थाना कुंदई, जिला नवपंरगुरी, ओडिशा को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 लीटर पुट्ठी, जिसमें पान, इंट, हुक्का, चूड़ी, झुमका, चूड़ी का रंग बिरंगा चित्र बना हुआ था, बरामद किया। साथ ही 6 प्लास्टिक गोटियां, जिनमें हुक्का पान और इंट चूड़ी झुमका का चित्र बना था, और एक बांस की टोकरी जिसमें फड़ व थैला था, जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# गणेश बहार नाला में लापता युवक का तीन दिन बाद मिला शव



जगदलपुर । रविवार से लापता शहर के शातिंनगर वार्ड निवासी युवक का शव बुधवार शाम बरामद कर लिया गया। पिछले तीन दिन से पुलिस व एसडीआरएफ की टीम पूरे इलाके में सर्चिंग अभियान चला रखा था। इस दौरान घटनास्थल से पांच किमी के दायरे में सर्चिंग किया गया अंततः घटनास्थल से डेढ़ किमी दूर शव को बरामद किया गया। नानगुर थाना प्रभारी गणेशराम यादव ने बताया कि रविवार को आकाश नगर राजीव गांधी वार्ड निवासी संदीप नाग 18 वर्ष व रेलवे कालोनी निवासी कमलेश नाग लगभग 22 वर्ष घुमने के लिए गणेशबहार नाला की ओर गए हुए थे। इसी दौरान पानी में नहाने के दौरान दोनों नाला में तेज बहाव के चलते पानी में बह गए। कमलेश नाग किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब रहा जबकि तेज बहाव के चलते संदीप नाग बाहर नहीं निकल पाया। घटना की जानकारी मिलते ही नानगुर पुलिस के अलावा एसडीआरएफ की टीम भी लापता युवक की तलाश करने सर्चिंग अभियान शुरू किया था। इस दौरान 10 किमी दायरे में सर्च अभियान चलाया गया जिसके बाद बुधवार शाम शव घटनास्थल से डेढ़ किमी दूर से बरामद किया गया।

## पेज 11 के शेष

### शहर का होगा ....

2 करोड़ रुपए, गुरुगोविंद सिंह वार्ड में एमपीएम हॉस्पिटल से एलआईसी रोड बीटी सड़क निर्माण कार्य के लिए राशि 2 करोड़ रुपए एवं नालंदा परिसर निर्माण सैंट्रल लाईब्रेरी सह रीडिंग जोन 500 सीटर राशि 11 करोड़ 42 लाख रूपए की शासन से स्वीकृति प्राप्त हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक देव ने मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। विधायक देव ने कहा कि बस्तरवासियों की वर्षों से बहुप्रतीक्षित मांग रही कि दलपत सागर को संवारने व सुरक्षित करने के लिये योजनाबद्ध रुप से उसका सौंदर्यीकरण होगा।

### मोदी की गारंटी...

कि यदि सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा नहीं किया तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने के लिए बाध्य होंगे। बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में रैली निकाल कर प्रदर्शन के साथ साथ जिले के सभी विकासखंडों दरभा, बस्तानार,तोकापाल, लोहंडीगुड़ा,बस्तर,बकावंड मुख्यालय में भी कर्मचारियों ने फेडरेशन के नेतृत्व में प्रदर्शन कर 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम, तहसीलदार को सौंपा। आज मोदी की गारंटी पूरा करने की मांग के रैली प्रदर्शन में छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान, अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव,जिला संयोजक आरडी तिवारी,प्रांतीय प्रचार मंत्री टारजन गुप्ता के अलावा फेडरेशन से जुड़े घटक संगठनों के अध्यक्ष तथा प्रमुख पदाधिकारी सर्व श्री अजय श्रीवास्तव, राकेश तिवारी,अनिल गुप्ता,रज्जी वर्गीस, आनंद अय्यर,नारायण सिंह मौर्य,आनंद कश्यप, राकेश दुबे,सुनील भटनागर,मनोज कुमार,देवदास कश्यप,धनंजय देवांगन, डॉ अखिलेश त्रिपाठी,देवराज खूंटे, गणेश्वर नायक,जागेश्वर सिंहा,गायत्री मरकाम,अनिल यादव,नीलकंठ साहू,मनीष श्रीवास्तव,पी जी राव,मोतीलाल वर्मा, पंकज सेठिया,अंशुमाली वर्मा,दिलीप चौरसिया, पल्लव झा,उदय किशोर पाण्डेय, उमेश मेश्राम,राजेंद्र पांडेय,आरपी मिश्रा,जी एल यादव,संजय वैष्णव,रवि नारायण,देवेंद्र धरुतलहरे, तथा महिला प्रकोष्ठ से आशादान,नीलम मिश्रा,हेमलता नायक,भावना दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

### सांसद ने 68 लाख ....

हाटपदमुर में गणेश मंदीर एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण ग्राम पंचायत कुलगांव में 300 मीटर सीसी सड़क,ग्राम पंचायत पोड़ागुड़ा 250 मीटर सीसी सड़क स्वीकृत किए गए कार्यो का भूमिपूजन किया गया । कार्यक्रम के अंत में सांसद ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी विकास की यह गति निरंतर बनी रहेगी।

ये रहे मौजूद : इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोतम कश्यप,भाजपा जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह,पूर्व मण्डल अध्यक्ष लखीधर बघेल,मण्डल अध्यक्ष हरी मण्डावी,उपाध्यक्ष उमरु भारती,मानसिंह नाग,कमल कुमारी,मंडल महामंत्री रेदूनाग,मंडल मंत्री प्रकाश नागेश,मीडिया प्रभारी अमर गुप्ता,पूर्व मंत्री राजू पोयाम,अमल बैस,रामकेसरी गोयल,प्रेमनाथ नाग,नानगुर सरपंच सुखराम बघेल,सरपंच हाटपदमुर मानसाय बघेल,हरिशंकर कश्यप,सीताराम,सुखलाल बघेल,राजु बघेल,जगतराम बघेल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों,पंच-सरपंचगण,अधिकारीगण व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### फ्लिपकार्ट कंपनी ...

संस्थाएं इच्छुक विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को एक मंच प्रदान करती हैं। वस्तुओं की बिक्री और खरीद के अनुबंधों को अस्तित्व में लाने के लिए उनके बीच संचार के साधन के रूप में कार्य करती हैं। इसलिए ऐसी इ-कॉमर्स संस्थाओं को अधिनियम के प्रयोजनों के लिए सेवा प्रदाता माना जाता है। फ्लिपकार्ट कंपनी द्वारा आवेदक की कैंसिलेशन रिक्वेस्ट को निरस्त कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इस हेतु आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा एवं व्यावसायिक कदाचरण हेतु 10 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति पृथक से दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।

### किराए जमा नहीं ....

की गई। उन्होंने बताया दुकान का किराया नहीं जमा करने के कारण कुल 16 दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया। नोटिस के एक सप्ताह का समय दिया गया था। दुकान का किराया समय पर जमा करने के लिए आज को 4 दुकान सील किया गया। तीन दुकान मंडी रोड में एक दुकान की गीदम रोड में में है,जिन पर कार्रवाई की गई है। इस तरह से शेष दुकानों को भी सील बंद की कारवाई किया जाएगा। कारवाई में दुकान प्रभारी राकेश यादव, अब्दुल अजीज, मुन्ना नायक थे।

### आवारा मवेशियों को ....

का कारण न बने। यह शहरी प्रबंधन का एक जरूरी हिस्सा है। खासकर उन इलाकों में जहां आवारा पशुओं की संख्या अधिक होती है। उन्होंने पशु मालिकों से निवेदन किया है कि वे अपने मवेशियों को घर पर ही रखें। यदि पशुओं को कांजी हाऊस लाया जाता है तो निर्धारित जुर्माना चुकाना पड़ता है।

ये रहे मौजूदः निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा,संजय विश्वकर्मा, पार्षद हरीश पारेख,दिलीप दास, नेहा ध्रुव, आशा साहू,शशिनाथ पाठक,कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, दिलीप मरकाम मौजूद रहे।

### जंगबाज व यंगस्टार ...

छूटा। दोनों टीम को 1-1 अंक से संतुष्ट होना पड़ा। स्पर्धा के 20 वें मुकाबले में जंगबाज के जर्सी नम्बर 10 समीन ने मैच के 22 वें मिनट में तथा जर्सी नम्बर 7 संदीप ने मैच के 57 वें मिनट में गोल किया। इसके जवाब में यंगस्टार के जर्सी नम्बर 19 रोहन नाग ने मैच के 4 थे मिनट व जर्सी नम्बर 6 डूमेन्द्र ने मैच के 32 वें मिनट में गोल किया। इसके बाद निर्धारित समय तक दोनों टीम के कोई भी खिलाड़ी गोल नही कर सके। जिसके बाद दोनों टीम को 1-1 अंक दिया गया। मैच के 19 वें मिनट में यंगस्टार के राज नाग को रैफरी द्वारा यलो कार्ड दिखाया गया। बुधवार को खेले गए मुकाबले के मुख्य निर्णायक विश्वजीत भट्टाचार्य के अलावा सुमीत नाग, सूजर खरे तथा नितेश लाल रहे। स्पर्धा में गुरूवार को जंगबाज विरूध एनवायसी नगरनार के बीच मुकाबला होगा। बुधवार को खेले गए मैच को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। जैसे जैसे मैच अतिंम दौर की ओर बढ़ रहा है खेल प्रेमियों की संख्या में भी लगातार ईजाफा देखा जा रहा है।

### भाजपा सरकार ....

के सीएम और केंद्र सरकार की है। हमारी मांग है कि आरोपी को फांसी की सजा मिले साथ ही अन्य दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। इस दौरान ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला,नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, सुभाष गुलाटी,निकेत राज झा, महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एस नीला, सायमा अशरफ, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजवीन दास,जिशान कुरैशी, रविशंकर तिवारी, हनुमान द्विवेदी,रामशंकर राव, एम वेंकट राव,विनोद साहनी, पार्षद सुशीला बघेल, गौतम पाणिग्रही, शुभम यदु, लोकेश चौधरी, अफरोज बेगम,जस्टिन भवानी, ललिता राव,अनुराग महतो, ज्योति राव,शादाब अहमद,कमलेश पाठक, आभास महंती,रंगा राव, राजेंद्र पटवा, मोइन कुरैशी, विक्रम लहरें, राकेश मौर, उस्मान रजा, अंजना नाग, पपीया गाइन, उमा सागर, सुनीता दास, गुरमीत कौर, रितिका कर्मा, कमला भतरा, जयंती केरकेट्टा, असबती कश्यप, श्याम कुमारी, पूर्णिमा शीरील, माही श्रीवास्तव,खीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### हिंसा का रास्ता पीड़ा ...

गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 4 केंद्रीय समिति सदस्य और 15 राज्य समिति स्तर के नेता शामिल हैं जो संगठन के शीर्ष नेतृत्व को एक गंभीर झटका दर्शाता है। एक वर्ष में नक्सलियों के दंडकारण्य विशेष जोनल कमेटी को सबसे बड़ा नुकसान हुआ है जहां 281 नक्सली मारे गए। यह आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी संगठन अपने अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है जो पिछले कुछ महीनों में हुए निरंतर नुकसान और उनकी असफलताओं को दर्शाता है।

## कलेक्टर ने दिए विभागीय समन्वय बनाने के निर्देश

# कोंडागांव में हुई उल्लास साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोंडागांव की अध्यक्ष नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिले में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग और समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। जिला परियोजना अधिकारी वेणुगोपाल राव ने बताया कि इस वर्ष राज्य से जिले को 50,000 शिक्षार्थियों और 5,000 स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे करने और उनका उल्लास ऐप में प्रविष्टि करने का लक्ष्य मिला है। वर्ष 2025–26 के लिए 15,000 शिक्षार्थियों का सर्वे कर उल्लास ऐप में प्रविष्टि की जाएगी, जो मार्च 2026 की साक्षरता महापरीक्षा में शामिल होंगे। यह भी बताया गया कि जिले में पहली बार विभिन्न विकासखंडों के कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं के चार छात्र–छात्रओं ने 10 असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर कर मार्च 2025 की साक्षरता महापरीक्षा में उत्तीर्ण कराया, जिससे उन्होंने अपनी मुख्य परीक्षा में 10 अतिरिक्त बोनस अंक अर्जित किए। वर्तमान में जिले की पुरुष साक्षरता दर 67.45 प्रतिशत, महिला साक्षरता दर 45.37 प्रतिशत और कुल साक्षरता दर 56.21 प्रतिशत है।

- छात्रों को 10 बोनस अंक मिलने से दिखा सकारात्मक असर

### क्रियान्वयन और जागरुकता

प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक को ग्राम या वार्ड प्रभारी बनाया गया है, और उनके मार्गदर्शन में संस्था के सभी शिक्षक सर्वे कार्य व उल्लास ऐप में प्रविष्टि का कार्य जुलाई 2025 तक संपन्न करेंगे। सभी विभाग प्रमुखों को अपने कर्मचारियों को ग्राम, वार्ड के प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक को सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित करने को कहा गया है। इसके साथ ही, उल्लास केंद्रों को आकर्षक बनाने और स्मार्ट क्लास के अंतर्गत सभी को ऑडियो–विजुअल सामग्री प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान और डीएमसी ईमेल सिंह बघेल भी उपस्थित रहे।

### विभिन्न विभागों और स्वयंसेवकों की भूमिका

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत सीईओ, सचिवों और रोजगार सहायकों को सहयोग दें। कॉलेज के छात्र–छात्राओं, राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी के विद्यार्थियों को सर्वे कार्य में सहयोग करने और स्वयंसेवी शिक्षक की भूमिका निभाने को कहा गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी सर्वे कार्य में सहयोग और स्वयंसेवी शिक्षक की भूमिका निभाने के निर्देश जारी करने को कहा गया है। इसी तरह, श्रम विभाग को असाक्षर श्रमिकों को तथा आदिम जाति विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि एवं पशुपालन, खेल विभाग, कौशल विकास जैसे सभी विभागों को उनके असाक्षर हितग्राहियों को उल्लास योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

# 4 जिले के वन भूमि में 327.409 हेक्टेयर अतिक्रमण को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में वन विभाग की ओर से वन भूमि पर अतिक्रमण पर सख्ती की जा रही है। इसमें वन भूमि पर 327.409 हेक्टेयर अतिक्रमण को हटाया, इसमें 570 व्यक्तियों पर 117 प्रकरण दर्ज कर 31 आरोपियों को जेल भजा गया। साथ अतिक्रमण में जोताई करने वाले जप्त की गई ट्रैक्टर को राजसात की कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग द्वारा अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी जा रही है और अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दो माह में दंतेवाड़ा, बस्तर, बीजापुर एवं सुकमा जिले में वन भूमि पर अतिक्रमण से 117 प्रकरण दर्ज किए और 570 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बस्तर जिले के जगदलपुर परिक्षेत्र में 15 प्रकरण, 15 आरोपी, माचकोट रेंज में 11 प्रकरण, 12 आरोपी, बकावंड रेंज में 2 प्रकरण, 2 आरोपी, बस्तर रेंज में 2 प्रकरण, 2 आरोपी, भानपुरी रेंज में 15 प्रकरण, 93 आरोपी, करपावंड रेंज 2 प्रकरण, 4 आरोपी, चित्रकोट रेंज में 9 आरोपी एवं दरभा रेंज में 12 प्रकरण दर्ज और 12 आरोपी मिले। इस तरह से जिले में अब तक 198.087 हेक्टर भूमि को अतिक्रमण से हटाया गया। वन विभाग की कार्रवाई से वन भूमि के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है साथ ही आरोपियों को भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की सुसंगत धाराओं के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया जा रहा है।

## अतिक्रमण के 117 प्रकरण में 570 व्यक्तियों पर हुआ प्रकरण

- वन भूमि से अतिक्रमण हटाया, जिले के 31 आरोपियों को भेजा जेल



### वन भूमि में अतिक्रमण नहीं करें

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि चारों जिलों के डीएफओ एवं एसडीओ के नेतृत्व में परिक्षेत्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गठित टीम द्वारा अतिक्रमणकारियों को समझाइश देकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उसके बाद भी आरोपियों के ध्यान नहीं देने पर जुताई कर रहे ट्रैक्टर, हल आदि जप्त कर आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। वन अधिकारी एवं कर्मचारी ने ग्राम पंचायत ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं कि वन भूमि में अतिक्रमण नहीं करें।

### अतिक्रमण हटाने कर रहे प्रेरित

वन विभाग के अधिकारियों सहित मैदानी कर्मचारी अतिक्रमणकारियों को समझाने और उन्हें स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रहा है। समझाईश के दौरान वन भूमि का पर्यावरण, जैव विविधता और जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान है। वन भूमि पर अतिक्रमण एक दंडनीय अपराध है, जिसके तहत जुमार्ना और कारावास की सजा हो सकती है। अतिक्रमण से न केवल वन क्षेत्र को नुकसान होता है, बल्कि वन्यजीवों के आवास भी नष्ट होते हैं और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है।

## खबर संक्षेप

### तीन विद्यार्थियों का एकलव्य विद्यालय में कक्षा 6वीं में चयन



**जगदलपुर।** सकुल समन्वयक समीर शुक्ला (नेतानार) के मार्गदर्शन से तीनों संस्था के समस्त शिक्षकों के प्रयास से और विद्यार्थियों के कड़ी मेहनत से सत्र-2025-26 के लिए प्राथमिक शाला-बिजलीपारा से जगरनाथ नाग और बालक आश्रम नेतानार से एकलव्य नाग का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय-बास्तानार में और जनपद प्राथमिक शाला-नेतानार से कुमारी-तिरमनी का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय-छिंदगढ में हुआ है। तीनों विद्यार्थियों को उनकी उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। पूर्व की भांती प्राथमिक शाला बिजलीपारा के के प्रधान अध्यापक राजेन्द्र कुमार मरकाम का विद्यार्थियों को चयन कराने में योगदान रहा है। जिन्होंने तीनों संस्था के विद्यार्थियों ऑनलाईन फार्म स्वयं भरा था, तीनों संस्था के विद्यार्थियों को जनपद प्राथमिक शाला व आश्रम शाला-नेतानार के सहायक शिक्षक रैसिंग ठाकुर एवं राम पैकरा के साथ मिलकर दिन के अलावा बीच-बीच में रात्री में स्कूल में ठहरकर उक्त परीक्षा की तैयारी करवाते थे, बालक आश्रम नेतानार के अधीक्षक अर्जुन नाग के साथ मिलकर उक्त परीक्षा में शामिल करने हेतु परीक्षा सेंटर तक ले जाने में और उक्त अधीक्षक एवं सहयक शिक्षक सुखचंद ध्रुव और विद्यार्थियों के पालकों के साथ उक्त विद्यार्थियों को काउंसलिंग कराने में साथ देने में योगदान रहा। संबंधित प्रधान अध्यापक राजेन्द्र कुमार मरकाम का तीनों संस्था के विद्यार्थियों का ऑनलाईन फार्म भरने से लेकर, उक्त परीक्षा की तैयारी कराने, परीक्षा सेंटर तक ले जाने और कांउसलिंग कराने में योगदान रहा है।

### पशुसखियों का 17 दिवसीय प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने और पशुधन से संबंधित गतिविधियों को मजबूत करने के लिए 17 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन के मुख्य आतिथ्य में कुम्हरावंड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सोमवार को किया गया। जैन ने इस अवसर पर कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं पशुपालन से संबंधित तकनीकी जानकारी जैसे पशु स्वास्थ्य, उनके उचित रख-रखाव, पोषण प्रबंधन, पशुओं के विभिन्न बीमारी एवं समाधान के बारे में कुशल होकर अपने क्षेत्र के पशुपालकों के हित में कार्य करते हुये अपने आय में भी वृद्धि कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पशु सेवाएं बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. डी.के. नेताम ने 17 दिवसीय प्रशिक्षण अनुसूची के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को बताया।

## कमिश्नर ने ली संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक

# अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन का करें मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदाय करने संवेदनशीलता के साथ पहल करने पर बल
- हर माह के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान में कार्यालयों की करें साफ-सफाई

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने हेतु संभागीय अधिकारी सकारात्मक प्रयास करें और नियमित तौर पर क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन स्थिति का मॉनिटरिंग करने सहित मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें बेहतर सेवाएं देने प्रोत्साहित करें। कमिश्नर बुधवार को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने इस हेतु सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर जिले को वरीयता देने कहा। कमिश्नर ने बस्तर अंचल की जनता को चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता के लिए जिलों में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सहित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदाय हेतु आकलन शिविर के साथ ही कृत्रिम अंग प्रदाय शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एसओपी के अनुसार ऑपरेशन थियेटर की उपलब्धता के अनुरूप जिलों में मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाए।उन्होंने इस दिशा में कार्ययोजना तैयार करने के साथ ही प्राथमिकता से कार्यान्वयन सुनिश्चित किए जाने कहा। वहीं हर महीने के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यालय एवं कार्यालय परिसर में साफ-सफाई किए जाने अधिकारियों-कर्मचारियों को सहभागिता निभाने प्रोत्साहित किया।

कमिश्नर ने बैठक के दौरान स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तक प्रदाय, गणवेश वितरण सहित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम संचालन स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक में मध्यान्ह भोजन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर पूरक पोषण आहार सुलभता के लिए पंचायत पदाधिकारियों, शिक्षकों और सुपरवाइजर शामिल रहकर चर्चा करने सहित आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र प्रदाय के लिए समन्वित पहल किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायतों एवं गांव के प्रमुख लोगों व मैदानी अमले के सहयोग से न्यौता भोज का आयोजन किए जाने कहा। कमिश्नर ने आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु कलस्टर में शिविर आयोजित करने कहा और छूटे हुए व्यक्तियों को लक्ष्य निर्धारित कर पंजीयन पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। वहीं क्षय मरीजों को आवश्यक पोषण आहार प्रदाय के लिए ग्राम पंचायतों सहित संभागीय, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सहभागिता से निक्षय मित्र बनाने कहा। बैठक में डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार, आरती वासनिक एवं गीता रायस्त सहित लोक निर्माण, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, नगरीय प्रशासन इत्यादि विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारी तथा नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

### समर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की ली जानकारी

कमिश्नर ने बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, मत्स्यपालन, जल जीवन मिशन, पशु चिकित्सा, नगरीय प्रशासन, खाद्य विभागों के योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करने सहित नक्सल प्रभावित परिवारों एवं समर्पित नक्सलियों के पुनर्वास हेतु किये जा रहे विशेष प्रयास की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने सम्बन्धी कार्यवाही सहित गौशाला एवं कांजी हाऊस संचालन की जानकारी ली और आवश्यकता के अनुसार आवारा मवेशियों को रखे जाने हेतु गौशाला एवं कांजी हाउस का विस्तार भी किये जाने कहा।

### सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण प्रगति की समीक्षा

उन्होंने नक्सली पीड़ित परिवारों के पुनर्वास हेतु शासन की नीति के तहत कार्यवाही कर प्रभावितों को सहायता प्रदान करने सहित शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किये जाने संवेदनशीलता के साथ पहल करने के निर्देश दिए। बैठक में खरीफ सीजन हेतु खाद-बीज एवं फसल ऋण की उपलब्धता, वनाधिकार मान्यता पत्रों के फौती-नामांतरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पंजीकृत किसानों का ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग, सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण प्रगति इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की गई।

# सुरक्षा दृष्टि से किसी संदिग्ध की जांच करना गलत नहीं : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- टीएमसी सांसद झूठे आरोप लगाने से पूर्व पश्चिम बंगाल में हो रही बांग्लादेशी घुसपैठ पर लगाम लगाए
- बस्तर पांचवी अनुसूची क्षेत्र जिसकी सुरक्षा और अस्मिता के साथ कोई समझौता नहीं होगा

कोंडागांव जिले में 9 संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के विषय में हो रहे राजनीतिक बयानों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने कहा कि यह मुद्दा राजनीति से अधिक बस्तर की सुरक्षा, अस्मिता और संवैधानिक व्यवस्था से जुड़ा है, जिसे किसी भी प्रकार से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सांसद कश्यप ने स्पष्ट किया कि बस्तर पाँचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है, जहाँ आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, भूमि और पहचान की संवैधानिक रूप से सुरक्षा की गई है। ऐसे में बाहरी तत्वों की घुसपैठ और फर्जी पहचान पत्रों के आधार पर क्षेत्र में सक्रिय होना एक गंभीर विषय है, जो न केवल स्थानीय सुरक्षा को खतरे में डालता है,बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने को भी प्रभावित करता है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित बस्तर क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में बांग्लादेश, म्यांमार आदि देशों से अवैध घुसपैठियों की गतिविधियाँ देखी गई हैं। ये लोग फर्जी दस्तावेज बनाकर देश के विभिन्न हिस्सों में घूमते हैं और कई मामलों में अपराधों में भी शामिल पाए गए हैं। सांसद कश्यप ने पश्चिम बंगाल का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि पहले भी कई अपराधियों के पास फर्जी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड व मतदाता पहचान पत्र पश्चिम बंगाल से जारी पाए गए हैं, जो इस बात का संकेत है कि उस राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।उन्होंने एक हालिया घटना का उल्लेख करते हुए कहा कुछ माह पूर्व पश्चिम बंगाल से आए कुछ युवकों ने कोंडागांव जिले में एक आदिवासी युवती के घर में घुसकर छेड़छाड़ की कोशिश की थी, जो बस्तर की अस्मिता पर सीधा हमला था।

### बस्तर की सुरक्षा से समझौता नही

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर की सुरक्षा से समझौता करके किसी को भी राजनीतिक लाभ नहीं लेने दिया जाएगा। सुरक्षा दृष्टि से संदिग्धों की जाँच करना कानूनन उचित और ज़रूरी है। जो लोग इस पर सवाल खड़े कर रहे हैं, वे पहले पश्चिम बंगाल में हो रही घुसपैठ पर जवाब दें।

# कर्मचारियों ने निकाली ताली और थाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




- एनएचएम कर्मचारी संघ ने किया दो दिवसीय हड़ताल

स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर से बुधवार को शहर के पुराने मंडी परिसर में सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल किया गया। साथ ही कर्मचारियों ने ताली और थाली रैली निकाली और रैली में ताली, थाली बजाते हुए कलेक्ट्रोरेट पहुंचे, जहां 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा। स्वास्थ्य विभाग के प्रदेश भर के कर्मचारी गुरूवार को विधानसभा का घेराव करेंगे। जिले से 900 कर्मचारी भी बुधवार और गुरुवार को हड़ताल में होने से इसका सीधा असर स्वस्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे मलेरिया मुक्त अभियान पर पड़ेगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि दो दिन आंदोलन चलेगा, मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चित कालीन आंदोलन भी किया जाएगा।

### प्रमुख मांगे

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मांगे में शिक्षा विभाग की तरह एनएचएम कर्मचारियों का भी उनके अनुभव के आधर पर संविलियन किया जाए, अलग पब्लिक हैल्थ कैडर का गठन किया जाए, ग्रेड पे का निर्धारण हो, कार्य मूल्यांकन सीआर व्यवस्था में पारदर्शिता की जाए, लंबित 27 प्रतिशत व्रद्धि, नियमित भर्ती सीटों में आरक्षण प्रदान किया जाए, अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधन, मेडिकल व अन्य अवकाश की भी पात्रता मिले, स्थानांतरण निति का लाभ दिया जाए, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा, जिससे अल्प वेतन पर काम कर रहे कर्मचारियों को बीमारी में या दुर्घटना में इलाज में राहत मिलेगी।

# सातों जिले के 548 में से 142 स्वास्थ्य केन्द्र बने एनक्वॉस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




- 207 स्वास्थ्य केन्द्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक बनने का किया जा रहा प्रयास

बस्तर संभाग के सातों जिलों में 548 स्वास्थ्य केन्द्र को एनक्वॉस बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है, जिससे अब तक 142 केन्द्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक सर्टिफिकेट प्राप्त किया और 207 लंबित है। इसमें से नारायणपुर जिले में 13, कांकेर जिले में 53, कोंडागांव जिले में 27, बस्तर जिले में 35, बीजापुर जिले में 6, सुकमा जिले में 6 एवं दंतेवाड़ा जिले में 2 केन्द्र को एनक्वॉस दिया गया है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वॉस) एक प्रमाणन प्रणाली है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता का आकलन और सुधार करने के लिए डिजाइन की गई है। यह केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्थापित एक ढांचा है। स्वास्थ्य केंद्र एनक्वॉस प्रमाणन प्राप्त करने के लिए, उन्हें इन मानकों पर खरा उतरना होगा। इसके लिए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एक टीम द्वारा अस्पताल का मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें विभन्नि मानदंडों पर सेवाओं और संतुष्टि के स्तर का परीक्षण किया जाता है। एनक्वॉस एक महत्वपूर्ण प्रणाली है जो स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने में मदद करती है, एनक्वॉस प्रमाणन प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।



### सीएमएचओ को दिए निर्देश

स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि संभाग के सातों जिलों में 142 स्वास्थ्य केन्द्र (एनक्वॉस) राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक मिला और 207 केन्द्रों को एनक्वॉस बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए जिले के सीएमएचओ को नर्दिेश दिया गया है।

## 2017-18 में बाफना ने 678.77 लाख के निर्माण का किया था भूमिपूजन

# गुप्तेश्वर मंदिर जाने मिली पुलिया की स्वीकृति, कार्य अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता संतोष बाफना के विधायक कार्यकाल के दौरान वर्ष 2017-18 के बजट में छत्तीसगढ़ एवं सीमावर्ती राज्य उड़ीसा में स्थित शबरी नदी के तट पर सुप्रसिद्ध गुप्तेश्वर मंदिर के समीप उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 678.77 लाख रूपये की लागत से शासन से स्वीकृति मिली थी एवं निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात विधिवत इसका भूमिपूजन भी किया गया था। लेकिन विभाग ने तकनीकि खामियों का हवाला देते हुए निर्माण कार्य कुछ समय पश्चात ही बंद कर दिया। वर्ष 2018 के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार की उदासीनता के चलते पुल निर्माण में आई तकनीकि खामियों को कभी दूर नहीं गया और जनहित के लिए बेहद ही जरूरी निर्माण कार्य को ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया। जिसे लेकर पूर्व विधायक संतोष बाफना ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री व लोक निर्माण विभाग मंत्री अरूण साव को पत्राचार कर गुप्तेश्वर मंदिर तक पहुॅचने के लिए पूर्व स्वीकृत निर्माण कार्य में आवश्यक तकनीकि सुधार कर वर्तमान परिस्थिति अनुसार नए प्राक्कलन स्वीकृति सहित निर्माण कार्य को स्थानांतरित कर ग्राम तिरिया में स्थाई उच्च स्तरीय पुल का निर्माण करने की मांग की है।

गौरतलब है कि,भगवान शिव के दर्शन करने के लिए ओड़सिा राज्य के सीमावर्ती हिस्से में स्थित सुप्रसिद्ध गुप्तेश्वर मंदिर लोगों की आस्था का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। इस मंदिर के दर्शन के लिए जगदलपुर सहित समूचे राज्य से श्रद्धालुओं का आगमन होता है, परंतु अभी वर्तमान में लोगों को यहां तक पहुंचने के लिए जगदलपुर से ओड़सिा के जैपुर होते हुए लगभग 145 किमी की लम्बी यात्रा करनी पड़ती है,अथवा जगदलपुर से धनपुंजी-माचकोट होते हुए शबरी नदी के तट तक पहुंच श्रद्धालु वर्ष में एक बार शिवरात्रि के दौरान वन विभाग द्वारा उफनती नदी पर अस्थाई रूप से निर्मित बांस व बल्लियों से बनी चटाई के पुल का उपयोग करके नदी पार करते हैं जो कि उनके लिए अत्यन्त ही जोखिम भरा होता है।

## कांग्रेस सरकार की उदासीनता के चलते पुल निर्माण ठण्डे बस्ते में डाल दिया

### तिरिया में पुल का निर्माण से गुप्तेश्वर की दूरी 10 किमी होगी

बाफना ने पत्र में कहा है कि,ग्राम तिरिया में पुल का निर्माण हो जाने से गुप्तेश्वर मंदिर की दूरी तिरिया से बमुश्किल 10 से 12 किमी की होगी और जगदलपुर से तिरिया होते हुए गुप्तेश्वर तक की यह धार्मिक यात्रा लगभग 60 किमी में लोग पूरी कर पायेंगे। तथा हजारों-लाखों श्रद्धालुओं को प्रतिवर्ष आवागमन के जोखिम भरे यातायात से आजादी भी मिल पाएगी।

### सड़क निर्माण होने से छत्तीसगढ़ शासन को ज्यादा व्यय नही होगा



बाफना के अनुसार वर्तमान में ओड़सिा शासन के द्वारा ग्राम तिरिया से लगे हुए नदी के उस पार अपने सीमावर्ती ईलाके तक एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी ग्राम तिरिया तक पहुंचने के लिए डामरीकृत सड़क का निर्माण किया चुका है। इसलिए सड़क निर्माण में छत्तीसगढ़ शासन को किसी भी प्रकार के व्यय की आवश्यकता नहीं होगी। और दोनों राज्यों के बीच पुल का निर्माण हो जाने से लोगों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पडेगी। इससे समय व पैसे दोनों की बचत होने के साथ ही दोनों राज्यों के बीच व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

